दिनांक 16 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं

सुदर भिलाई

आवासीय क्षेत्रों में निरंतर हो रहा सेनेटाइज कार्य , स्वच्छता अधिकारी कर रहे हैं मॉनिटरिंग

भिलाईनगर/ निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला टैंकर , फायर ब्रिगेड एवं हैंडस्प्रे द्वारा सोडियम हाइपोक्लोराइट से सैनेटाइज का कार्य कर रहे है। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके। इसके साथ ही निगम प्रशासन द्वारा जन जागरूकता हेतु घरों एवं प्रमुख स्थानों पर पाम्प्लेट चस्पा किए जा रहे है! भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम निगम क्षेत्र के सभी वार्ड क्षेत्रों को सेनेटाइज कर संक्रमण मुक्त करने कर कार्य कर रही है। सोडियम हाइपोक्लोराइड से आवश्यक सेवा वाले दुकान एवं आसपास, बाजार,व्यसायिक क्षेत्र व घर के आस पास टैंकर व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से निगम क्षेत्र के 2290 स्थानों पर स्वच्छता कर्मचारियों ने सेनेटाइज करने का कार्य किया। निगम क्षेत्रांतर्गत आज प्रगतिनगर रमेश कोरी लाईन , संजय विश्वकर्मा लाईन , राजेश क्लीनिक लाइन , पितांबर साइकिल स्टोर , मिनीमाता भवन रोड , बिहारी मोहल्ला, टाटा लाईन, गायत्री मंदिर, संत रविदास नगर, किशन चौक से शीतला काम्पलेक्स पुलिया तक, बाबा कालोनी, मोची मोहल्ला, प्रकाश बेकरी, हनुमान मंदिर लाईन , इंदिरा मार्केट , सायकल-रिक्शा स्टैण्ड के आस पास , सुलभ के आस पास , गांधी चौक आंगनबाड़ी के पास, संतोषी पारा मिलन चौक, गंगा इमली लाइन, नेपाली मोहल्ला, गौतम किराना स्टोर से शंभू गली, साहू आटा चक्की लाइन, माझी लाइन, राजीव नगर, मोची मोहल्ला, गणेश चौक, क्रांति मार्केट

जनसम्पर्क अधिकारी